उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 210/2022 दिनांक/Date : 4/5/22

संवाद–213

विषयः– इण्टरमीडिएट अर्हता वाले विभिन्न पदों पर जारी परीक्षा परिणाम दिनांक 01–04–2022 के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

इस परीक्षा में कुल 759 पद सम्मिलित थे। इनमें से 530 पद ऐसे हैं जिनके लिए टंकण परीक्षा (4000 KDPH) अनिवार्य है। अभ्यर्थी अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप टंकण परीक्षा के लिए 1:4 के अनुपात में अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने का प्रावधान है। इसी कारण 2086 अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा के लिए चयन सूची में स्थान मिला है।

2. शेष 227 पदों पर टंकण एक अनिवार्य अर्हता नहीं है। अतः वर्तमान चयन सूची में स्थान प्राप्त जो अभ्यर्थी टंकण परीक्षा में भाग नहीं लेंगे या टंकण परीक्षा में अनर्ह होते हैं यदि वे मेरिट में हैं तो इन 227 पदों के लिए वे अर्ह होंगें। टंकण में अर्ह अभ्यर्थी सभी पदों के लिए पात्र होंगें।
3. टंकण परीक्षा के बाद ही इन पदों पर चयन हेतु अभिलेख सत्यापन का आयोजन किया जायेगा व उस समय आयोग की अभिलेख सत्यापन व विकल्प चयन नीति के अनुरूप व उनकी टंकण अर्हता के अनुरूप पदों के विकल्प चयन का अवसर दिया जायेगा।
4. टंकण परीक्षा की तिथियाँ आयोग द्वारा शीघ्र प्रकाशित की जायेंगी।

आयोग की ओर से,

4/5/22

(संतोष बडोनी)

सचिव

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट: www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com